कार्यालय प्राचार्य
शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/ 2819 /मेन्ट./जीडीसी/2022 रायपुर/दिनांक 29/04/22

प्रति,

संचालक,
जनसम्पर्क संचालनालय,
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– विज्ञापन प्रकाशन बाबत्।

===XX===

इस पत्र के साथ संलग्न कर शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर हेतु सत्र 2022–23 में लगने वाले इलेक्ट्रिक एवं प्लम्बिंग/कन्जूमेंबल सामाग्रीयों के लिए निविदा सूचना की प्रति प्रकाशन हेतु आपकी ओर भेजी जा रही है। कृपया इसे **प्रदेश स्तरीय बहुप्रसारित दो समाचार पत्रों तथा राष्ट्रीय स्तर के एक समाचार पत्र में** में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

प्राचार्य 29/4/22
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क./2819 /मेन्ट./जीडीसी/2022 रायपुर/दिनांक 29/04/22

// निविदा सूचना //

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के लिये 2022–2023 में लगने वाले Consumable Electric Item & Plumbing Item सामग्री के क्रय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं (Dealers or sub-dealers/ Saller) से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर रूपये 500/–(रूपये पांच सौ मात्र) का प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय डिमांड ड्राफ्ट अथवा नकद जमा कर प्रकाशन तिथि से दिनॉक 23/05/2022 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं है। विवरण निम्नानुसार है–

क्रं.	सामाग्रियों का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत (रू.)	धरोहर राशि (रू.)
1	प्लम्बिंग सामाग्री, बिब कॉक, स्टॉप कॉक, पिलर कॉक, गेट वाल्व इत्यादि (सरल क्रमांक 1 से 68 तक टेन्डर फार्म में विस्तृत उल्लेख)	4 लाख रूपये	15000=00
2	एम के स्वीच, सॉकेट, फैन रेगुलेटर, एल.ई.डी. लाईट, पी.एल.सी. लाईट इत्यादि (सरल क्रमांक 01 से 94 तक टेन्डर फार्म में विस्तृत उल्लेख)	8 लाख रूपये	30000=00

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 23/05/2022 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 30/05/2022 समय शाम 05.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि 31/05/2022 समय दोपहर 12.00 बजे
4. निविदा जमा करने का स्थान शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर
5. निविदा खोलने का स्थान शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर

6- निविदा की शेष शर्ते कार्यालय की सूचना पटल एवं विभागीय वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in पर भी पढ़ी जा सकेगी।

प्राचार्य 29/4/2022
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ0ग0)

निविदा की शर्ते :–

1. निविदा के प्राप्त दर की वैधता एक वर्ष तक रहेगी जिस हेतु नॉन जूडिशल स्टॉम्प पेपर में इकरारनामा किया जायेगा।
2. प्रदाय किये जाने वाले इलेक्ट्रिक एवं प्लम्बिंग सामाग्री/कन्जुमेबल की वारंटी अवधि का स्पष्ट उल्लेख होनी चाहिए।
3. प्रदाय की गई सामाग्रीयों की गुणवत्ता संतोषप्रद न पाये जाने की स्थिति में उक्त सामाग्री को वापस किया जायेगा जिसका भुगतान नही किया जायेगा। आवश्यकता होने पर सैम्पल मांगा जा सकता है, जिसके लिये कोई अतिरिक्त राशि भुगतान नही की जावेगी।
4. आदेशित इलेक्ट्रिक एवं प्लम्बिंग सामाग्री/कन्जुमेबल शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के रखरखाव शाखा तक पहुँचाना होगा। जिसके लिये कोई अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।
5. किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर को होगा, जिसका कारण बताने के लिये कार्यालय बाध्य नहीं है। निविदाकार की कोई भी शर्ते मान्य नहीं की जावेगी। किसी भी विवाद की स्थिती में आपके द्वारा प्रस्तुत ई.एम.डी. राशि को राजसात की जा सकती है।
6. क्रय किये जाने वाली सामाग्री की मात्रा में आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है। क्रय किये जाने वाली सामाग्री का आदेश महाविद्यालय की उपयोगिता के आवश्यकता के आधार पर जारी किया जायेगा। क्रय आदेश के 20 दिवस के उपरांत सामाग्रीयां प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा।
7. निविदा प्रपत्र प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के कार्यालय से निविदा प्रकाशन तिथि से 23/05/2022 के सायं 5:30 बजे तक आवेदन के साथ रूपये 500/–(रूपये पांच सौ मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट, जो प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के पक्ष में देय हो अथवा नकद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। यह राशि वापसी योग्य नही होगी।
8. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि **30/05/2022** शाम 05:30 बजे तक नियत है। इसके पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा ।
9. निविदा दिनॉक **31/05/2022** को दोपहर 12:00 बजे प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रजबंधा मैदान रायपुर (छ0ग0) में खोला जायेगा। निविदाकार या उनके प्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित हो सकते है।
10. समस्त क्रय प्रकिया छत्तीसगढ़ भंडार कय नियम 2002 अथवा प्रचलित शासन के भंडार क्रय नियम के अनुसार शासित होंगे।

प्राचार्य 29/4/2022

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर
(छ0ग0)